कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क.रा.बी.नि
E.S.I.C

सत्यमेव जयते

क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लॉट सं. H3012, 500 क्वाटर के पास, अंकलेश्वर, जी.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

विशेष सेवा पखवाड़ा रिपोर्ट (दिनांक 06.03.2023)

चिकित्सा अधीक्षक महोदय डॉ. ए. के. कुमार के निर्देशन व उनकी अध्यक्षता में आज दिनांक 06.03.2023 क रा बी निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में डाईटिशियन, योगा अनुदेशक एवं आयुष चिकित्सक के द्वारा अस्पताल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सबसे पहले चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि हमारे खानपान में पहले से ही ग्रामीण अंचल में मोटे अनाज के सेवन का चलन रहा है लेकिन वर्तमान परिपेक्ष्य में व पाश्चात्य संस्कृति के कारण फ़ास्ट फ़ूड इत्यादि के चलन के चलते BP, शुगर, मोटापा व थाईरॉइड जैसी समस्या बढ़ने लगी है इसलिए अपने आहार में मोटे अनाज का प्रयोग करते हुए इन बीमारियों इसे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ समय योगा के लिए निकाले व अपनी सेहत के साथ साथ अपने परिवार की सेहत का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इसी क्रम में डाईटिशियन द्वारा मोटे अनाज के बारे में विस्तृत रूप से PPT के माध्यम से बताया और भारत देश पूरी दुनिया का 20% मोटे अनाज का उत्पादन करता है। आयुष चिकित्सक द्वारा मोटे अनाज के फायदे व किन किन बीमारियों में इसके सेवन से फायदे होते है के बारे में बताया। इसी दौरान योगा अनुदेशक द्वारा पीपीटी के द्वारा योग के अभ्यास कर जानकारी साझा की। इस दौरान उप चिकित्सा अधीक्षक, सहायक नर्सिग अधीक्षक,नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग ऑर्डरली, आईटी सहायक सहित 39 बीमित व्यक्ति व उनके परिवार के आश्रित सदस्त उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन सोशल वर्कर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उप चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सभी उपस्थित आईपी व स्टाफ को धन्यवाद देते हुए किया और बताया कि आपके बेहतर उपचार के लिए अस्पताल हमेशा तत्पर है और आपके सकारात्मक व नकारात्मक सुझाव दोनो ही हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है।

RECEPTION

दुर्लभ बीमारी

(जन सम्पर्क - शाखा अधिकारी)